# नागदा-गोधरा रेलखंड बना मंडल का पहला 'कवच'

**डीआरएम ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ**





नवभारत न्यूज

**रतलाम।** यात्री सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में भारतीय रेल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम 'कवच' को दिल्ली-मुंबई उच्च घनत्व नेटवर्क के नागदा-गोधरा खंड पर सफलतापूर्वक लागू कर दिया है।

रतलाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 4 पर सोमवार दोपहर मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार व अन्य रेल अधिकारियों ने कवच प्रणाली से सुसज्जित लोकोमोटिव को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लोकोमोटिव के प्रस्थान के साथ ही नागदा-गोधरा रेलखंड रतलाम मंडल का पहला ऐसा खंड बन गया, जहां 'कवच' पूरी तरह कार्यरत हो गया है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रास्ट्रक्चर) अक्षय कुमार, (ऑपरेशन) कुंजीलाल मीना सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

यह 224 रूट किलोमीटर लंबा रेलखंड है, जिसमें 154 किमी रतलाम मंडल और 70 किमी वडोदरा मंडल में आता है। इस परियोजना के तहत 41 लैटिस टॉवर, 39 स्टेशन कवच यूनिट्स, 606 किमी ऑप्टिकल फाइबर, 6000 आरएफआईडी टैग्स और 90 लोकोमोटिव में कवच यूनिट्स स्थापित किए गए हैं। रतलाम मंडल में ही 28 टॉवर, 27 स्टेशन यूनिट्स और 4000 टैग्स लगाए गए हैं।

डीआरएम अश्वनी कुमार ने कहा कि 'कवच' भारतीय रेल के शून्य दुर्घटना लक्ष्य की दिशा में अहम कदम है। आने वाले तीन महीनों में शेष 78 किमी खंड पर भी इसे लागू करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे पूरा मार्ग और अधिक सुरक्षित व आधुनिक बन गया हैं।

**9 हजार किमी से अधिक ट्रायल पूर्ण**

जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, कमीशनिंग से पहले प्रणाली का गहन परीक्षण किया गया। 9000 किमी से अधिक ट्रायल सफलतापूर्वक पूरे करने के बाद इसे स्वतंत्र सुरक्षा मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रमाणित किया गया। 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत विकसित 'कवच' प्रणाली सिग्नल पासिंग एट डेंजर को रोकने, ओवरस्पीडिंग नियंत्रण, टक्कर से बचाव, रियल-टाइम सिग्नल जानकारी और आपात स्थिति में एसओएस संदेश जैसी उन्नत सुविधाएं प्रदान करती है।

# महंगाई और ईंधन संकट पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, 4 घंटे तक चला प्रदर्शन-धरना**





नवभारत न्यूज

**रतलाम।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर शहर कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को बाजना बस स्टैंड चौराहे पर महंगाई, गैस-बिजली दरों में वृद्धि और पेट्रोल-डीजल की किल्लत के विरोध में चार घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे शुरू हुआ यह प्रदर्शन दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरने के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई और बुनियादी सुविधाओं की कमी से आम जनता परेशान है। पेट्रोल-डीजल की अनियमित आपूर्ति और बिजली के बढ़ते बिलों ने लोगों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर डाला है।

धरने को जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत, शहर अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पार्षद यास्मीन शेरानी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने एकजुटता के साथ सरकार की नीतियों का विरोध जताते हुए जनहित में ठोस कदम उठाने की मांग की।

प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार रामचंद्र पांडे को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महंगाई पर नियंत्रण, गैस व बिजली दरों में कमी तथा पेट्रोल-डीजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। कार्यक्रम का संचालन सुधीर उपाध्याय ने किया, जबकि आभार शांति गवली ने माना।

## एक नजर में

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की कीट बांटी



**रतलाम।** जिला भाजपा कार्यालय मे सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत चयनित हितग्राही को कीट का वितरण किया। यह कीट सतीश सोनी और अंशुल सोनी ने प्राप्त की। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौर एवं सत्यजीत भट्ट उपस्थित रहे।

### लापरवाही बरतने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका की सेवाएं समाप्त

**रतलाम/बाजना।** लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा अब कार्रवाई शुरू कर दी हैं। लगातार निरीक्षण में मिल रही खामियों को सुधरनने के लिए अब सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी आर एन बुधौलिया ने बताया कि कार्य में निरंतर लापरवाही बरतने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं / सहायिका की सेवाएं समाप्त की गई । परियोजना बाजना में निरंतर किए गए आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण अंतर्गत कार्यकर्ता/ सहायिका की लगातार आंगनबाड़ी केदो में एवं सेक्टर बैठकों में अनुपस्थिती विभागीय योजना में अरुचि एवं लक्ष्य में 0 प्रगति पोषण ट्रैकर ऐप में विभिन्न पैरामीटर पर कार्य नहीं करने एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने सूचना पत्र के जवाब नहीं देने सुनवाई के पर्याप्त अवसर देने के बावजूद कार्य शैली में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ। अतः आंगनबाड़ी केंद्र रतनगढ़ नल्ला की कार्यकर्ता ललिता निनामा आंगनबाड़ी केंद्र जानकरा 2 की कार्यकर्ता अंगूरबाला चारेल, आंगनबाड़ी केंद्र बजरंगगढ़ 2 की कार्यकर्ता वाली बाई आंगनबाड़ी केंद्र देवीपाड़ा की सहायिका सुरता बाई की सेवाएं विभागीय कार्यों में लगातार लापरवाही एवं कर्तव्यों के प्रति उदासीनता के कारण अनुविभागी अधिकारी राजस्व सेलाना तरुण जैन के अनुमोदन पश्चात सेवा समाप्त की जा रही हैं। उक्त कार्यकर्ता द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया तथा पोषण, स्वास्थ्य एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं के संचालन में अपेक्षित जिम्मेदारी नहीं निभाई गई। इस संबंध में पूर्व में भी कई बार चेतावनी एवं सुधार के अवसर प्रदान किए गए, किन्तु कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं देखा गया। विभागीय नियमों के अनुसार, उच्च अधिकारियों की स्वीकृति से 30 मार्च 2026 से उनकी सेवाएं समाप्त की जाती हैं। मामले की जांच एहतेशाम अंसारी प्रभारी परियोजना अधिकारी बाजना ने की थी।

### युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी मसा आएंगे रतलाम

**रतलाम।** श्रमण संघीय युवाचार्य पूज्य महेंद्र ऋषि मसा को रतलाम पधारने की विनती हेतु श्री जैन दिवाकर नवयुवक मंडल के लगभग 25 सदस्य रविवार को खाचरोद पहुँचे। खाचरोद में आयोजित विशाल धर्मसभा में जहाँ हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आशिष कटारिया ने युवाचार्य श्री के समक्ष रतलाम पधारने की विनम्र विनती प्रस्तुत की। युवाचार्य भगवंत ने अत्यंत सरल एवं करुणामय भाव से विनती को स्वीकार करते हुए लगभग 3 अप्रैल 2026 तक रतलाम पधारने की संभावना व्यक्त की, जिससे रतलाम श्री संघ में हर्ष का वातावरण व्याप्त हो गया। ज्ञात रहे ही युवाचार्य बनने के पश्चात पूज्य गुरुदेव का प्रथम रतलाम आगमन हो रहा है। इस अवसर पर रतलाम श्री संघ से अमृत कटारिया, विनोद बाफना, रितेश मुणत तथा नवयुवक मंडल से महामंत्री विरेन्द्र कटारिया, कोषाध्यक्ष अरिहंत बोराणा, मनीष भटेवरा, पारस मेहता, प्रितेश कटारिया, विपिन कटारिया, यश पूँगलिया, प्रतयूष चौधरी, संजय गांग, मनसुख चानोदिया, अशोक लालवानी, अक्षय वोहरा, मंगल श्री श्री माल,गोल्डी बोराणा, विजेंद्र पितलिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### रतलाम शहर विधानसभा में प्रशिक्षण वर्ग

**रतलाम।** पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत रतलाम शहर विधानसभा के पांचों मंडलों मे मंडल प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुए। प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन तीन सत्र आयोजित किये गय। इनमें भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने पार्टी के इतिहास और विकास, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने प्रदेश सरकार की योजनाओं, जिला प्रभारी विवेक जोशी , इन्दौर ग्रामीण प्रभारी शैलेंद्र डागा एवं उज्जैन जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित ने कार्य विस्तार की दृष्टि, जिला महामंत्री महेश सोनी व जिला उपाध्यक्ष क्रांति जोशी ने हमारी कार्य पद्धति , विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल वैचारिक अधिष्ठान, आईटी सेल प्रदेश संयोजक सोमेश पालीवाल ने सोशल मीडिया नमों एवं सरल एप्प, विषयों पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण वर्ग के सभी क्षेत्रों की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता गण द्वारा की गई।

# मस्ती और प्रतिस्पर्धा से यादगार बनी सामाजिक गोठ

**मारू भाम्बी समाज की सामाजिक गोठ (मिलन समारोह) संपन्न**



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** चैत्र नवरात्रि एवं गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर श्री मारू भाम्बी समाज उत्थान समिति द्वारा सामाजिक मिलन समारोह (गोठ) का आयोजन रविवार को किया गया। श्री हनुमान बाग पर आयोजित इस गोठ में मस्ती और प्रतिस्पर्धा का अनोखा संगम देखने को मिला, जिसने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

आयोजन के मुख्य अतिथि सामाजिक सद्भाव समिति प्रांत प्रभारी विजयेन्द्र सिंह चौहान, जिला सद्भाव शैलेन्द्रसिंह (बापु सा), नगर सद्भाव राजेश जैन थे। विशेष अतिथि गिरजाशंकर उपाध्याय, सत्यनारायण सैनी, होकमसिंह, डॉ. नरेन्द्र कुलश्रेष्ठ थे।

विजेन्द्रसिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में बाबा रामदेवजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे राजस्थान के एक प्रसिद्ध लोक देवता हैं, जिन्हें 'रामदेव पीर' या 'रामशा पीर' के नाम से भी जाना जाता है। 14वीं शताब्दी के संत ने अपना जीवन गरीबों और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया और उन्हें भगवान कृष्ण का अवतार भी माना जाता है।

समाज अध्यक्ष रतनलाल जोहर ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज में आपसी मेल-मिलाप, भाईचारा और एकता को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि मनोरंजक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में सभी वर्गों की भागीदारी ने आयोजन को और भी सफल बनाया। इस प्रकार के सामूहिक कार्यक्रम समाज को एकजुट रखते हैं और पारंपरिक मूल्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आयोजन की जिम्मेदारी समिति के संयोजक सोदान बामणिया एवं उनकी टीम—राजू बालेचा, नरेश बावेल, जितेंद्र बारूपाल और राजेश जोहरम ने सफलतापूर्वक निभाई।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गेहलोत, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बारूपाल, रामलाल वालेचा, सचिव भंवरलाल गुजरिया, सह सचिव गोपाल बारूपाल, विधिक सचिव चन्द्रप्रकाश मालवीया, मांगीलाल रोलिया, नंदकिशोर मालवीया, संतोष बामणिया, कैलाश जोहर, पवन बारूपाल, संदीप जोहर, मोहित बामणिया, संदीप वाणिया, नवीन भवरेटा, दीपक जोहर, युवराज बोचवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक सालवी ने किया, जबकि आभार चंदन कुमार गनेरिया ने माना।

**सह-सचिव बने बहादुरसिंह खांबु**

पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए सह-सचिव के पद पर सर्वसम्मति से बहादुरसिंह खांबु को मनोनीत किया। श्री खांबु सामाजिक कार्य में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और आयोजनों में सहयोग देने वाले हैं।

**यह रहे विजेता**

- दौड़ प्रतियोगिता में— शैलेन्द्र पिता बहादुरसिंह खांबु, द्वितीय सुरभी पिता नंदकिशोकर, तृतीय राधिक नागुलाल डांगी
- चेयर रेस प्रतियोगिता में (बालिका वर्ग)— प्रथम रिया पिता जितेन्द्र बारूपाल, द्वितीय भूमि पिता महेश, तृतीय रूपश्री पिता कैलाश
- चेयर रेस प्रतियोगिता में (बालक वर्ग)— प्रथम हिमाक्ष पिता चंदन कुमार गनेरिया, द्वितीय सुनिल पिता नंदकिशोर, तृतीय शैलेन्द्र पिता नंदकिशोर
- डांस प्रतियोगिता में — प्रथम पलक पिता पवन बारूपाल, द्वितीय हरिणी पिता जितेन्द्र, तृतीय मिनाक्षी

### एकादशी संकीर्तन : भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**रतलाम।** शहर के गीता मंदिर में एकादशी संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के निवेदनकर्ता राजेंद्र जोशी (रेलवे) एवं डॉ. भारती जोशी रहे। संकीर्तन में भजन गायक अरुण सोनी ने अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने 'पकड़ो हाथ मेरा बनवारी, नहीं तो हम बह जाएंगे, हमारा कोई नहीं दुनिया में हम किसके पास जाएंगे...' तथा 'लगा ली प्रीत तुमसे अब, निभाना तुमको ही होगा, हमें गोपी बना लो या चरणों का दास रहने दो...' जैसे भजनों का गायन किया, जिन पर महिलाएं और पुरुष भक्ति भाव से झूम उठे और नृत्य करते नजर आए। कार्यक्रम में राजेंद्र जोशी, डॉ. भारती जोशी, मीनाक्षी जोशी, मनोज पाण्डेय, कौशल पाण्डेय, डॉ. राजबाला पाण्डेय, सत्यनारायण मंत्री, डॉ. पवन मजवडिया, गोपाल पालीवाल, गोविंद राठी, महेश शर्मा, संजय जोशी, प्रीति श्रीवास्तव, सुनील चतुर्वेदी, प्रमुख प्रमोद कुमार श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भक्तगण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 3 गिरफ्तार

**नामली।** नामली थाना क्षेत्र में नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई एसपी अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार एवं एसडीओपी किशोर पाटनवाला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गायत्री सोनी के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार 27 मार्च 2026 को पीड़िता ने नामली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे, जिनकी तलाश लगातार जारी थी। 29 मार्च को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी सुमित जाट और पवन जाट को गिरफ्तार किया। इसके बाद 30 मार्च को तीसरे आरोपी राजवीर कुमावत को भी पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों में राजवीर कुमावत (23) निवासी नामली, सुमित जाट (18) निवासी घटवास और पवन जाट (23) निवासी नामली शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी गायत्री सोनी सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## लेखा अधिकारी, सुपरवाइजर और लेखाकार का किया सम्मान



**रतलाम।** ऑल इंडिया रेलवे अकाउंट्स स्टाफ एसोसिएशन, रतलाम मंडल द्वारा 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे सहायक मंडल वित्त प्रबंधक मदनलाल डबरिया, सीनियर सेक्शन ऑफिसर चिरंजीलाल मीणा एवं वरिष्ठ लेखाकार कुमुदरंजन पंडा का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक नूपुर चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर संगठन की ओर से अभिनंदन पत्र, माला, मेडल एवं केसरिया दुपट्टा भेंट कर तीनों अधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कम्युनिकेशन सेक्रेटरी प्रकाश चंद्र व्यास सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। श्री व्यास ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह पहला अवसर है जब लेखा विभाग से एक साथ तीन अधिकारी-कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं अभिनंदन पत्र का वाचन मंडल मंत्री अनिल जैन ने किया।

## भाजपा जिला कोर कमेटी की बैठक



**रतलाम।** भाजपा जिला कौर कमेटी की बैठक रविवार को हुई ।इसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों, नियुक्तियों और समन्वय संबंधी चर्चा की गई ।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की । इसमे संभाग प्रभारी सुरेश आर्य,जिला प्रभारी विवेक जोशी ,कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, मथुरालाल डामर, जिला पंचायत अध्यक्ष लालबाई चंद्रवंशी महापौर प्रहलाद पटेल,इंदौर जिला प्रभारी शैलेंद्र डागा, उज्जैन जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा मौजूद रहे ।यह जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने दी ।

## नए सत्र से पहले पिपलौदा रोड पर स्पीड ब्रेकर की मांग तेज

**आवाजाही लगातार बढ़ने से दुर्घटनाओं का खतरा**

नवभारत न्यूज

**जावरा।** 1 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही पिपलौदा रोड पर जनसुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। क्षेत्रवासियों ने इस व्यस्त मार्ग पर मानक ऊंचाई के स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग एक बार फिर उठाई है।

रतलाम-नीमच हाईवे से जुड़े इस मार्ग से पिपलौदा, सैलाना, बांसवाड़ा सहित राजस्थान और गुजरात की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. मदनलाल गांगले ने बताया कि स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण इस मार्ग पर अक्सर हादसे होते रहते हैं। पूर्व में एक स्कूली छात्रा की जान भी जा चुकी है, बावजूद इसके प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रवासी रोहित अग्रवाल ने भी स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता को जरूरी बताया। पिपलौदा रोड से जुड़ी कई कॉलोनियों के रहवासियों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को सड़क पार करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। तेज रफ्तार वाहन और सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण हालात और गंभीर हो जाते हैं। डॉ. गांगले ने श्रीनगर, प्रताप नगर, माइल स्टोन स्कूल, सेंट पीटर स्कूल सहित विभिन्न स्थानों पर तत्काल स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**एक नजर में** — जैन पत्रकार अवार्ड समारोह में आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वर ने कहा

## कलम की क्रांति से ही संभव है विश्व शांति : आचार्य विश्वरत्न सागर



नवभारत न्यूज

**जावरा/उज्जैन।** मध्यप्रदेश जैन पत्रकार परिषद द्वारा उज्जैन में आयोजित जैन पत्रकार अवार्ड समारोह में आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वर ने कहा कि वास्तविक क्रांति हथियारों से नहीं, बल्कि कलम से होनी चाहिए। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य पर चिंता जताते हुए कहा कि जहां विश्व परमाणु शक्ति के बल पर अपनी श्रेष्ठता दिखाने की होड़ में है, वहीं भारत भगवान महावीर के अहिंसा संदेश के माध्यम से शांति का मार्ग दिखा रहा है। ऐसे में जैन पत्रकारों का दायित्व है कि वे अपनी लेखनी के माध्यम से विश्व शांति का संदेश फैलाएं।

उन्होंने जैन समाज की घटती संख्या पर भी चिंता व्यक्त करते हुए इसे शोध का विषय बताया और समाज को एकजुट करने में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण बताई। उन्होंने युवाओं को सही दिशा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह में माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के सम्मान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अंत में आचार्य के आशीर्वचन और महामांगलिक के साथ समारोह का समापन हुआ। मुनि तीर्थरत्न सागर सूरीश्वर ने भी कहा कि जैन पत्रकारों की 'कलम क्रांति' समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर ला सकती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबूलाल गांधी ने पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड ने कहा कि परिषद का उद्देश्य जैन समाज को एक सूत्र में जोड़कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के पत्रकारों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।